FTS NO-72

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव प्रशासन
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया,
दमण - 396 220

~~~~~~

सं. रा.भा. 7(10)/नराकास/बैठक/2022/ 347 दिनांक :- 24/08/2022

सेवा में,

सभी संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/ सदस्य अधिकारी,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण

विषय :- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण की संयुक्त बैठक की सूचना से संबंधित |

महोदया / महोदय,

सादर सूचित करना है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण की संयुक्त बैठक माननीय प्रशासक के सलाहकार, दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली की अध्यक्षता में **दिनांक 26/08/2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** विद्युत भवन सभागार, कचीगाम, दमण में आयोजित की जायेगी | उक्त बैठक में दिनांक 1 जनवरी, 2022 से 30 जून, 2022 तक दौरान कार्यालयों द्वारा राजभाषा हिन्दी में किये गये कार्यों की समीक्षा की जायेगी एवं राजभाषा हिन्दी के व्यापक प्रयोग के बारे में आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे ।

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित स्थल एवं समय पर उपस्थित रहने का कष्ट करें । दादरा नगर हवेली के सभी कार्यालयाध्यक्ष वीडियो कोन्फ्रेसिंग के जरिए बैठक से जुड़ेंगे |

भवदीय,
24/8/22
(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

1. माननीय प्रशासक के निजी सचिव, सचिवालय, दमण ।
2. माननीय प्रशासक के सलाहकार की निजी सहायक, सचिवालय, दमण ।
3. सचिव (राजभाषा) के निजी सहायक, सचिवालय, दमण ।
4. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, सिलवासा एवं दीव को विडियो कॉन्फरेसिंग के जरिए बैठक व्यवस्था हेतु ।
5. सभी कार्यालयाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रबंधक, राष्ट्रीयकृत बैंक,केन्द्रीय सरकार के कार्यालय,सरकारी उपक्रमों तथा भारत सरकार के प्रतिष्ठान, दादरा नगर हवेली तथा दमण दीव |
6. उप-निदेशक (कार्यान्वयन) भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), केन्द्रीय सदन, छठा तल, कमरा संख्या-601, सेक्टर-10, बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 ।
7. राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, सचिवालय, दमण को इसे प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध सहित ।
8. कार्यालय प्रति ।
~~~~~~